# Janamdin Mere Shyam Ka | By Anubhav Agarwal

खाटू में बैठा वो बाबा मार रहा है हेला
मौका छूट ना जाए आया कार्तिक का है मेला
सारे जग में गूँज रहा है चर्चा इनके नाम का
आया आया रे जन्मदिन खाटूवाले श्याम का

जल्दी जल्दी टिकट कटा कर खाटू जायेंगे हम
बाबा के चरणों में अपनी धोक लगाएंगे हम
इस मन को अब चैन नहीं, ना समय है अब आराम का
आया आया रे जन्मदिन खाटूवाले श्याम का

बारह महीना राह तके हम तब ये महीना आता
वो है किस्मत वाला जिसको दर पे श्याम बुलाता
ले जाना है केक बना के मावे और बादाम का
आया आया रे जन्मदिन खाटूवाले श्याम का

मनमौजी है मौज में बैठा जो चाहे सो पा ले
सारे संकट कट जाए चरणों में शीश झुका ले
कहे सचिन सुख मिल जाएगा तुझको आठों याम का
आया आया रे जन्मदिन खाटूवाले श्याम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/janamdin-mere-shyam-ka-by-anubhav-agarwal/